उत्तराखंड के 603 प्राथमिक, 76 उच्च प्राथमिक बनेंगे क्लस्टर उत्कृष्ट विद्यालय ++

चर्चा में क्यों?

18 अप्रैल, 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के 603 प्राथमिक और 76 उच्च प्राथमिक विद्यालयों को क्लस्टर उत्कृष्ट विद्यालय बनाने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई।

प्रमुख बिंदु

- पाँच किलोमीटर की सीमा में आने वाले इन स्कूलों में सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर आदि उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।
- क्लस्टर उत्कृष्ट स्कूलों में पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण किया जाएगा।
- विभागीय अधिकारियों के मुताबिक इन स्कूलों में खेल सुविधाओं के लिये खेल मैदान विकसित किये जाएंगे।
- क्लस्टर स्कूल को छोड़कर अन्य आस पास के स्कूलों के छात्र-छात्राओं के लिये ट्रांसपोर्ट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिये छात्र-छात्राओं को तय धनराशि दी जाएगी।
- छात्र-छात्राओं के स्कूल में आने जाने की व्यवस्था तय करने के लिये जनपद स्तर पर संबंधित ज़िले के ज़िलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित होगी, जो क्लस्टर स्कूलों में आसपास के स्कूलों से आने वाले छात्र-छात्राओं के एस्कार्ट की सुविधा सुनिश्चित करेगी। जबकि संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी छात्र-छात्राओं के लिये ट्रांसपोर्ट की स्थानीय व्यवस्था के लिये कार्ययोजना तैयार करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-s-603-primary,-76-upper-primary-will-become-cluster-excellent-schools-